

# INDIA LITERACY BOARD

Literacy House, Kanpur Road, Lucknow-226023, U.P.
Website- www.indialiteracyboard.org, email : directorilblko@gmail.com

## NOTICE INVITING TENDER

**India Literacy Board invites Competitive Bidding for Complete Termite Treatment work in various Buildings at Literacy House, Kanpur Road, Lucknow.**

| Sl.No. | Description / Event | Details / Timeline |
|---|---|---|
| 1. | Bid submission start date & time | 06.08.2026, 10:00 AM |
| 2. | Last Date and Time for submission of Bids | 21.08.2026, 03:00 PM |
| 3. | Date & Time of opening of Technical Bids | 21.08.2026, 03:30 PM |

The interested Bidders can purchase the Bid Document from the office of India Literacy Board, Kanpur Road, Lucknow by paying a cost of ₹ 500.00 (Five Hundred Only) and can also see/download the Bid Document at our official website- www.indialiteracyboard.org .

**DIRECTOR**

# NOTICE INVITING TENDER

## India Literacy Board, Kanpur Road, Lucknow

Website-www.indialiteracyboard.org E-mail-directorilblko@gmail.com

**India Literacy Board invites Competitive Bidding for Complete Termite Treatment work in various Buildings at Literacy House, Kanpur Road, Lucknow.**

| Sl. No. | Description/ Event | Details/ Timeline |
|---|---|---|
| 1. | Bid submission start date & time | 06.08.2026 10:00 AM |
| 2. | Last Date and Time for submission of Bids | 21.08.2026 03:00 PM |
| 3. | Date & Time of opening of Technical Bids | 21.08.2026 03:30 PM |

The interested Bidders can purchase the Bid Document from the office of India Literacy Board, Kanpur Road, Lucknow by paying a cost of ₹500.00 (Five Hundred Only) and can also see/ download the Bid Document at our official website-www.indialiteracyboard.org.

**(Sandhya Tewari)**
Director



# INDIA LITERACY BOARD

## (Literacy House)

**Founder: Late Dr. Welthy H. Fisher**

**Manas Nagar, Kanpur Road, Lucknow–226 023**

---

## इण्डिया लिटरेसी बोर्ड के कार्यालय भवनों में दीमक ट्रीटमेन्ट कराये जाने हेतु

## निविदा प्रपत्र

मूल्य - ₹500/-

रसीद सं.- ................

दिनांक : ...................

1. **निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि** : दिनांक 06.08.2026 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 21.08.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक
2. **निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि** : दिनांक 21.08.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक
3. **निविदादाता फर्म का नाम व पूरा पता**: ......................................................................... .........................................................................
4. **फोन नं. व ई-मेल विवरण** : .........................................................................
5. **लाइसेन्स/पंजीकरण विवरण** : .........................................................................
6. **जी.एस.टी. विवरण** : .........................................................................
7. **पैन/टैन विवरण** : .........................................................................
8. **अनुभव** : .........................................................................
9. **धरोहर राशिः** ₹20,000/-(रूपया बीस हजार मात्र) **बैंक का नामः** ....................

   **बैंक ड्राफ्ट क्रमांकः** .................... **दिनांकः** ....................
10. **टरमाइट ट्रीटमेन्ट का विवरण :-**

    **(1) मेस इकाई** – पुरूष हॉस्टल, महिला हॉस्टल, किचन, अतिथि गृह, वेल्दी फिशर आवास, टैगोर भवन

    **(2) प्रशासन** – प्रार्थना भवन, महात्मा गाँधी हॉल, वेल्दी फिशर हॉल, विवेकानन्द हॉल
11. **यह टेण्डर प्रक्रिया दो चरणों (Two Stage) में होगी** अर्थात तकनीकी बिड एवं फाइनेन्शियल बिड। निविदादाता द्वारा अपना टेक्निकल बिड एक पृथक लिफाफे में तथा फाइनेन्शियल बिड एक अलग लिफाफे में रखकर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द डाला जायेगा तथा सभी लिफाफों पर फर्म का नाम, कार्य का नाम, टेक्निकल/फाइनेन्शियल बिड स्पष्ट रूप से लिखा जाएगा।

**(फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर एवं मुहर)**

# मेलरोज़ स्क्वायर अपार्टमेंट (कंडोनियम) वेल्फेयर सोसाइटी

## 6सी, जीएच–01, वृंदावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ–226029

**अवै.सचिव, एम.एस.ए.डब्ल्यू.एस.**

मेलरोज स्क्वायर अपार्टमेण्ट (कंडोनियम) वेलफेयर सोसाइटी के नाम सावधि जमा योजना के अन्तर्गत केनरा बैंक, शाखा–आलमबाग, लखनऊ में 555 दिन हेतु 7.45% वार्षिक ब्याज दर पर दिनांक 16–01–2025 को निवेशित एफ.डी. खाता सं.– 140207553024/1 मूल धनराशि ₹50,00,000/– तथा परिपक्वता धनराशि ₹55,94,000/– दिनांक 25.07.2026 को परिपक्व हो रही है। उक्त धनराशि को पुनः निवेशित किया जाना है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में राष्ट्रीयकृत बैंकों में निम्न विवरण अनुसार ब्याज दरें प्रचलित हैं:–

| क्र. सं. | बैंक का नाम | एक वर्ष से 389 दिन | 390 दिन से 443 दिन तक | 444 दिन हेतु |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब नेशनल बैंक | 6.30% | 6.30% | 6.60% |
| 2. | केनारा बैंक | 6.25%(1 वर्ष 3 माह हेतु) | 6.50%(444 दिन) | 6.60%(555 दिन) |
| 3. | पंजाब एण्ड सिन्ध | 6.50% Non Collable (375 days) | 6.80% Non Collable(444 days) | 6.85% Non-Collable (666 days) |
| 4. | एस.बी.आई. | 6.25%(1 वर्ष से अधिक किन्तु 2 वर्ष से कम) | 6.40%(2 वर्ष से अधिक किन्तु 3 वर्ष से कम) | 6.30%(3 वर्ष से अधिक किन्तु 5 वर्ष से कम) |

उपरोक्त विवरण अनुसार वर्तमान में पंजाब एण्ड सिन्ध बैंक में 666 दिन हेतु (Non-Collable) अधिकतम वार्षिक ब्याज दर 6.85% है।

अतः माननीय अध्यक्ष महोदय उपरोक्त पर निर्णय लेना चाहें।

(अरूण कुमार)
केयरटेकर

MSME No.
mail : ra

# विस्तृत नियम व शर्तें

ऐंटी-दीमक उपचार (ऐंटी-टरमाइट ट्रीटमेंट) निविदा के सामान्य नियम और शर्तें इस प्रकार है:

**1. फर्म की योग्यता और अनुभव (Eligibility & Experience)**

- फर्म के पास कीट नियंत्रण और ऐंटी-दीमक सेवाओं का न्यूनतम 3 वर्षों का अनुभव होना चाहिए।
- फर्म के पास वाणिज्यिक कीट नियंत्रण कार्यों के लिए वैध लाइसेंस और सरकारी प्रमाण पत्र होना चाहिए।
- एजेंसी का पैन कार्ड, जीएसटी पंजीकरण और ईपीएफ/ईएसआईसी का पंजीकरण अनिवार्य है।
- फर्म किसी भी सरकारी विभाग या संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट (काली सूची में) नहीं होनी चाहिए।
- फर्म के पास रासायनिक प्रबंधन, सुरक्षा प्रक्रियाओं और ड्रिलिंग संचालन में प्रशिक्षित और प्रमाणित आपरेटर होने अनिवार्य हैं।

**2. टेण्डर प्रक्रिया:-**

- यह टेण्डर प्रक्रिया दो चरणों (Two Stage) में होगी अर्थात तकनीकी बिड एवं फाइनेन्शियल बिड। निविदादाता द्वारा अपना टेक्निकल बिड एक पृथक लिफाफे में तथा फाइनेन्शियल बिड एक अलग लिफाफे में रखकर उक्त दोनों लिफाफों को एक बड़े लिफाफे में सीलबन्द डाला जायेगा तथा सभी लिफाफों पर फर्म का नाम, कार्य का नाम, टेक्निकल/फाइनेन्शियल बिड स्पष्ट रूप से लिखा जाएगा।

**3. रासायनिक मानक और गुणवत्ता (Chemical Standards)**

- कार्य के लिए उपयोग किए जाने वाले रसायन (जैसे इमिडाक्लोप्रिड या फिप्रोनिल) बीआईएस (BIS / IS: 6313) प्रमाणित और सरकारी स्वींत होने चाहिए।
- रसायनों की सांद्रता (Concentration) और मिश्रण का अनुपात तय मानकों के अनुसार होना चाहिए।
- विभाग या अधिकारी को यह अधिकार है कि वह किसी भी समय रसायन की गुणवत्ता की जांच करवा सके।

**4. कार्य का दायरा और प्रक्रिया (Scope of Work & Procedure)**

- उपचार निर्धारित विधि (जैसे ड्रिलिंग, इंजेक्शन या स्प्रे विधि) के माध्यम से दीवारों, फर्श और लकड़ी के हिस्सों में किया जाना चाहिए।
- उपचार के दौरान भवन या दीवारों को पहुँचने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान की मरम्मत फर्म को अपने खर्चे पर करनी होगी।
- कार्य पूरा होने के बाद स्थल की उचित सफाई करना फर्म की जिम्मेदारी होगी।

**5. विशिष्ट कार्यप्रणाली और तकनीक (Execution Methodology)**

- फर्श ड्रिलिंग (Floor Drilling): फर्म को आंतरिक दीवारों और कॉलम के साथ फर्श पर 12 इंच (30 सेमी) की दूरी पर 12 मिमी व्यास (Diameter) के छेद करने होंगे।
- रासायनिक इंजेक्शन (Chemical Injection): प्रत्येक छेद में प्रेशर पंप के माध्यम से कम से कम 5 लीटर प्रति रैखिक मीटर (Linear Meter) की दर से रासायनिक घोल डालना होगा।
- लकड़ी का उपचार (Woodwork Treatment): चौखटों (Door Frames), खिड़कियों और अलमारियों के लकड़ी के हिस्सों में तिरछे छेद करके रसायन डालना होगा और ऊपर से दीमक-रोधी तेल का लेप लगाना होगा।
- छेदों को बंद करना (Plugging Holes): रसायन डालने के बाद सभी छेदों को फर्श के रंग से मेल खाते हुए सफेद सीमेंट या उपयुक्त कंक्रीट मिश्रण से सावधानीपूर्वक बंद करना होगा।
- दीवारों का उपचार (Wall Junctions): इमारत के बाहरी हिस्से के साथ जमीन में गहराई तक (कम से कम 45 सेमी) रासायनिक अवरोध (Chemical Barrier) बनाना होगा।

**6. स्वीकृत रसायन और सांद्रता (Approved Chemicals & Dilution)**

- स्वीकृत कीटनाशक: केवल केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड (CIB) द्वारा अनुमोदित रसायनों का ही उपयोग किया जाएगा।

- इमिडाक्लोप्रिड (Imidacloprid 30-50% SC): इस रसायन का मिश्रण अनुपात 10.5 मिली प्रति 5 लीटर पानी (0.075% सांद्रता) होना चाहिए।
- फिप्रोनिल (Fipronil 2.9% SC): इस रसायन का मिश्रण अनुपात 12.5 मिली प्रति 5 लीटर पानी (0.025% सांद्रता) होना चाहिए।
- रिकॉर्ड रखरखाव: प्रतिदिन उपयोग किए गए रसायनों की मात्रा और खाली कंटेनरों का रिकॉर्ड लॉग-बुक में दर्ज करना होगा।

7. साइट सुरक्षा और निवारक उपाय **(Site Safety Measures)**
   - सुरक्षात्मक गियर (PPE): फर्म के सभी कर्मचारियों को काम के दौरान मास्क, दस्ताने, चश्मे और सुरक्षा जूते पहनना अनिवार्य है।
   - सुरक्षित भंडारण: रसायनों को साइट पर बच्चों, पालतू जानवरों और खाद्य पदार्थों से दूर एक सुरक्षित और लॉक किए गए केबिन में रखा जाएगा।
   - हवादार वातावरण: बंद कमरों में उपचार करते समय उचित वेंटिलेशन और एग्जॉस्ट फैन की व्यवस्था फर्म को करनी होगी।
8. गारंटी और वारंटी **(Warranty / Defect Liability)**
   - एंटी-दीमक उपचार कार्य पर न्यूनतम 3 वर्ष की वारंटी/गारंटी देनी होगी।
   - गारंटी अवधि के दौरान यदि दीमक का दोबारा संक्रमण होता है, तो फर्म को बिना किसी अतिरिक्त लागत के मुफ्त दोबारा उपचार करना होगा।
9. भुगतान और सुरक्षा जमा **(Payment & EMD)**
   - निविदादाता को निविदा के साथ निर्धारित बयाना राशि EMD (Earnest Money Deposit) जमा करनी होगी।
   - भुगतान संतोषजनक कार्य पूरा होने और माप-पुस्तिका (Measurement Book) के सत्यापन के बाद नियमोंनुसार किया जाएगा।
10. निविदा मुहर बन्द लिफाफे में ही स्वीकार की जाएँगी।
11. निविदा प्रपत्र के साथ ₹20,000/- (रूपया बीस हजार) धरोहर धनराशि का बैंक ड्राफ्ट, इण्डिया लिटरेसी बोर्ड के पक्ष में जमा करना होगा, तभी निविदा पर विचार किया जा सकेगा।
12. जिस निविदादाता का किसी भी कार्यालय/भवन में पिछले पाँच वर्षों में कम से कम तीन वर्षों का अनुभव नहीं होगा, तो उनकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा और निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी। (अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)
13. निविदा में दी गई दरों में दीमक ट्रीटमेन्ट से सम्बन्धित सभी कार्यों का मूल्य सम्मिलित होगा।
14. दीमक ट्रीटमेन्ट में सामग्री की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखना होगा।
15. निर्धारित मानकों के अनुरूप दीमक ट्रीटमेन्ट की कमी में त्रुटियां पाए जाने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जाएगी एवं कार्य का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
16. दीमक ट्रीटमेन्ट के कार्य का थर्ड पार्टी असेसमेन्ट कराया जाएगा। कार्य की संतोषजनक आख्या प्राप्त होने पर ही सम्पूर्ण भुगतान किया जाएगा।
17. निदेशक, इण्डिया लिटरेसी बोर्ड को बिना कारण बताए निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।
18. विवाद की दशा में अन्तिम निर्णय निदेशक, इण्डिया लिटरेसी बोर्ड का मान्य होगा।
19. निविदा प्रपत्र में अंकित नियम व शर्तें मैने भली-भांति पढ़ ली हैं। उपरोक्त सभी नियम व शर्तें मुझे तथा मेरी फर्म को स्वीकार हैं।

हस्ताक्षर व मोहर

दिनांक:............

मेसर्स..............................

पता...............................

..................................